# संचारी रोग नियंत्रण को विशेष सफाई के निर्देश

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा के अन्तर्गत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर निगम प्रांगण में बैठक की गयी।

बैठक में नगर आयुक्त द्वारा संचारी रोग की रोकथाम हेतु विशेष दिशा निर्देश दिए गये तथा आगामी त्यौहारों को लेकर युद्ध स्तर पर नगर के चौराहों, गलियों, मोहल्लों में नियमित सफाई व्यवस्था बनाए रखने को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि 18 अक्टूबर से 17 नवम्बर तक चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्त अभियान 18 से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। सभी सफाई कर्मचारी व अधिकारियों को निर्देश किया गया है कि सभी अपनों जोनों में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखें। उन्होने कहा यादि आपने आस पड़ोंस में कोई संचारी रोगों से पीड़ित व्यक्ति हो तो उसकी सूचना नगर निगम या जिला चिकित्सालय को दें ताकि उसका इलाज कराया जा सकते ताकि संचारी रोगों को फैलने से रोका जा सकते। श्री शर्मा ने बताया कि सैनेटाइजेशन, फागिंग, नालियों की तली झाड़ सफाई करायी जाए। अधिकारी नियमित सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लें। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर संबंधित पर कार्यवाही अमल में लागई जायेगी। बैठक में सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता, अपर नगर आयुक्त एस के सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द कुमार वर्मा, सफाई नायक, मोहल्ला सफाई समिति, आशा, हुदा जेहरा यूनी सेफ जिला अस्पताल, आदि उपस्थित रहे।